नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

## एक नजर में



### बाजना में नाबालिग दूल्हे का विवाह रोका

**रतलाम।** बाजना क्षेत्र के ग्राम धोलपुरा में होने जा रहे एक बाल विवाह को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की सतर्कता से समय रहते रुकवा दिया गया। सुबह फेरे होने से पहले प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और दस्तावेजों की जांच में दूल्हा नाबालिग पाए जाने पर विवाह रुकवा दिया गया। कार्रवाई के बाद बारात बिना फेरे लिए वापस लौट गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि चाइल्डलाइन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सैलाना को सूचना मिली थी कि ग्राम धोलपुरा निवासी छाया पिता राकेश का विवाह ग्राम हाली वाला भगोरा निवासी निलेश पिता कैलाश भगोरा के साथ 29 मई को कराया जा रहा है।

### भिण्ड में हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश

**भिण्ड।** नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में देहात थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर दो महिला दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मामला भिण्ड जिले के देहात थाना क्षेत्र का है। एक महिला ने पैर में दर्द का बहाना बनाकर एक युवक को अपने जाल में फसाकर घर छोड़ने के बहाने मदद मांगी। युवक द्वारा महिला को उसके घर के बाहर छोड़ने पर महिला ने युवक पर चाय पिलाने के लिए महिला ने जोर डाला। पहले से ही महिला ने साजिश रची थी कि युवक पर गैंग रेप का झूठा मामला कर ब्लैकमेल करने का दबाब बनाया जा सके।

### भिंड में आंधी तूफ़ान ने मचाया कहर

**भिंड।** जिले में आज देर रात अचानक मौसम का मिज़ाज बदल गया। गोहद, मौ, मेंहगांव, मालनपुर, रौंन, मिहोना, दबोह, आलमपुर, मछंड, लहार सहित अंचल के कई कस्बों में आंधी तूफान का कहर बरपा। कई मकानों की पशु टीन शेड और छप्पर उड़ गए। आंधी के थमने के बाद जमकर बरसात हुई, कई जगह बिजली के खंबे टूटने की खबर है जिससे जिले की विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई है। इधर, देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सदारीपुरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध महिला और चार बकरियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला तेज आंधी पानी से बकरियों को बचाते हुए सुरक्षित जगह बांध रही थी तभी अचानक तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिर गई।

### अवैध उत्खनन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**शिवपुरी।** जिले में करैरा अनुविभाग अंतर्गत रौनीजा घाट पर देर रात संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध उत्खनन करते एक एलएनटी पॉकलेन मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से जब्त किया। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में एसडीएम अनुराग निंगवाल एवं एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ललित शर्मा एवं सुनारी चौकी प्रभारी चेतन शर्मा भी मौजूद रहे। जब्त वाहनों को सुनारी चौकी थाना करैरा की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया.

# श्रद्धालुओं के लिए मॉडल स्टेट बनेगा मप्र

## जम्मू में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 29 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास तथा सभी जरूरी नागरिक सेवाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश के प्रमुख धार्मिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन और अध्ययन किया जा रहा है. जिससे मध्यप्रदेश आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा सके.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को माता वैष्णो देवी धाम के लिए प्रस्थान करने से पहले जम्मू में स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता वैष्णो देवी धाम में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का मुआयना करने के लिए मप्र सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल यहां आया हुआ है. प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पूजा स्थलों में उज्जैन का श्री महाकाल मंदिर, श्री महाकालेश्वर देवस्थान, श्री ओंकारेश्वर देवस्थान और भोजशाला शामिल हैं,



और कई सेवा संस्थान भी चलाए जा रहे हैं. जिनसे श्रद्धालुओं और यात्रियों को दर्शन के लिए सुव्यवस्थित और संगठित व्यवस्था प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें सुगम और सुविधाजनक अनुभव मिल सके. हमारा प्रतिनिधिमंडल इन सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगा इससे श्रद्धालुओं के लिए एक अच्छा सेवा प्रकल्प तैयार किया जा सके.

जिसे हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा मां वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी गई है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैष्णो देवी धाम में माता का आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना करने जा रहे है. उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर प्रबंधन द्वारा यहां एक विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज

### मुफ्त बिजली योजना से जगमगा रहे 1.30 लाख घर

**भोपाल, 29 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना भारत को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर रही है. आत्मनिर्भर ऊर्जा के साथ सशक्त भारत की दिशा में केन्द्र सरकार के बढ़ते कदमों का ही सुपरिणाम है कि आज देश के 40 लाख घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित हो गए हैं. इनमें मध्यप्रदेश के 1 लाख 29 हजार 971 घर शामिल हैं. ये सभी घर-परिवार अब बिजली बिल की चिंता से हमेशा के लिए मुक्त होकर स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा से रौशन हो रहे हैं. मध्यप्रदेश में स्थापित इन सोलर संयंत्रों से 456 मेगावॉट से अधिक स्वच्छ सौर ऊर्जा का उत्पादन भी हो रहा है। मुफ्त बिजली योजना के नेशनल पोर्टल के अनुसार इस योजना से अब तक प्रदेश के 1 लाख 34 हजार 436 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं.

धार्मिक स्थलों पर बढ़ायेंगे सुविधाएं, करायेंगे आधुनिक विकास मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हम प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं, यात्रियों और नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है. व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार के उद्देश्य से हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा देश के प्रमुख धार्मिक, पूजा स्थलों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का गहन अध्ययन किया जा रहा है. अध्ययन के उपरांत प्राप्त अनुभवों और प्रतिनिधिमंडल के सुझावों पर अमल कर मप्र सरकार सभी धार्मिक स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी. धार्मिक स्थलों पर सभी प्रकार के जरूरी एवं अत्याधुनिक विकास कार्य कराए जायेंगे तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा.

# सीनियर की प्रताड़ना से त्रस्त होकर छात्र ने लगाई थी फांसी

**जबलपुर, 29 मई. नेता सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में पांच सीनियर छात्रों द्वारा प्रताड़ित किये जाने के कारण जूनियर छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किये जाने के तहत दर्ज एफआईआर तथा ट्रायल कोर्ट में लंबित आपराधिक प्रकरण को खारिज किये जाने की मांग करते हुए सभी पांच डॉक्टरों की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.**

हाईकोर्ट जस्टिस बी पी शर्मा की एकलपीठ ने याचिका को निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि ऐसा कोई आधार नहीं है कि कार्रवाई को जारी रखना कानून प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा. जांच के दौरान एजेन्सी के द्वारा इकट्ठा किये गये साक्ष्य के आधार पर ट्रायल को फैसला सुनाना ?रूरी है. याचिकाकर्ता सलमान खान, विकास द्विवेदी व अन्य तीन डॉक्टरों की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि भगवत देवांगन नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में ऑर्थोपेडिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहा था.सभी याचिकाकर्ता उससे सीनियर छात्र थे.उसने 1 अक्टूबर 2020 को अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.याचिकाकर्ता उसी डिपार्टमेंट में सीनियर पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट थे.

> मृतक के भाई प्रहलाद व देवी देवांगन की शिकायत पर गढ़ा पुलिस ने सभी याचिकाकर्ताओ के खिलाफ धारा 306 तथा 34 के तहत 3 नवम्बर 2020 को प्रकरण दर्ज करने के बाद न्यायालय में चार्जशीट दायर की थी. पुलिस ने जांच के दौरान डॉ. अलौकिक गुप्ता, डॉ. रवि दिवाकर, डॉ. नवीन कुमार चोलक, डॉ. प्रणय खंडेलवाल और डॉ. सुमित नाहटा सहित कई गवाहों के धारा 161 और 164 के तहत बयान दर्ज किए थे. पुलिस जांच के अनुसार याचिकाकर्ता सीनियर होने के कारण भगवत को परेशान व बेइज्जत करते हुए रैगिंग करते हुए शारीरिक स ?ा देते थे.

# क्राईम ब्रांच का लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर बड़ा प्रहार

- 25 हजार का इनामी मास्टरमाइंड गिरफ्तार
- हथियार-फायरिंग और रेकी के लिए करता था नेटवर्क संचालित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 29 मई. शहर में व्यापारियों को धमकाने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर क्राइम ब्रांच ने बड़ा प्रहार करते हुए 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपी गिरोह के लिए हथियार उपलब्ध कराने, फायरिंग कराने और रेकी के लिए लड़कों की व्यवस्था करता था.**

क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल सिंह राठौर उम्र 34 साल निवासी ग्राम बिंजाना, जिला देवास को पकड़ा. उससे पहले गिरफ्तार आरोपी राजपाल चंद्रावत से पूछताछ में उसका नाम सामने आया था, जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया. जांच में सामने आया है कि आरोपी गिरोह का सक्रिय समन्वयक था. वह इंदौर के व्यापारियों और व्यवसायियों के घर व कार्यालयों की रेकी कराता था और गैंग से जुड़े लोगों के बीच संपर्क बनाए रखता था. साथ ही मुख्य आरोपी को हथियार उपलब्ध कराने और फायरिंग के लिए लड़कों की व्यवस्था भी करता था. क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि गैंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है. आरोपियों से पूछताछ में और महत्वपूर्ण जानकारियां मिल रही हैं.

### जंगल में आग लगाने वाले आरोपी को वनअमले ने दबोचा

**छिंदवाड़ा.** इन दिनों जिले भर में भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है जिसके चलते अगजनी की घटनाएं आए दिन सामने आ रही है. जंगल में भी आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है. चौरई परिक्षेत्र के जंगल में आग लगाने की घटना सामने आने पर वन अमले ने आग लगाने वाले को गिरफ्तार किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र चौरई के अंतर्गत सांख सर्किल के करलई वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर वन अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को पकड़ा गया वही दूसरा एक अन्य आरोपी फरार हो गया. वन अमले ने वनक्षेत्र में आग लगाने वाले आरोपी ग्राम ग्रेटिया निवासी सतीश पिता हजारीप्रसाद उईके को गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसारा आरोपी फरार हो गया.

# ट्रैक्टर चालक ने 3 साल की मासूम को कुचला

## सड़क निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा, चालक मौके से फरार

**उज्जैन। सडक् निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। मजदूर दंपत्ति की 3 वर्षीय पुत्री पर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर चढ़ गया। मासूम की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त किया है। चालक घटनाक्रम के बाद भाग निकला था।**

महाकाल थाना एएसआई बलराम थिरोठा ने बताया कि गौंसा क्षेत्र में सडक् निर्माण का कार्य चल रहा है। शाम को 3 साल की बालिका वंशिका पिता प्यारसिंह खेल रही थी, माता-पिता मजदूरी में लगे थे। उसी दौरान निर्माण कार्य में लगा नीले रंग का ट्रेक्टर चालक द्वारा रिवर्स लिया गया खेल रही वंशिका पहिये की चपेट में आ गई। जिसकी चीख निकली और उसकी सांस थम गई। चालक ट्रैक्टर छोडक्र भाग निकला। वंशिका को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि वह धार के ग्राम सेवरीमाल ग्राम पंचायत भड़किया थाना नालछिया के रहने वाले हैं। 15 दिन पहले ही मजदूरी के लिये 2 बेटियों के साथ उज्जैन आये थे। वंशिका की एक छोटी बहन और है। एएआई थिरोठा के अनुसार मामले में दुर्घटना का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह बालिका का पोस्टमार्टम कराया गया। ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश जारी है।

### महू-नीमच हाईवे पर जवानों ने बचाई दो भाइयों की जान

**जावरा।** महू-नीमच हाईवे रोड पर पुलिस बटालियन के सामने शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सडक् हादसा हो गया, जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को शाम करीब 4-43 बजे सूचना मिली कि दो व्यक्ति सडक् किनारे गंभीर हालत में लहूलुहान पड़े हैं। सूचना मिलते ही जावरा शहर थाने की एफआरवी वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे डायल-112 के स्टाफ आरक्षक जितेन्द्र व्यास और पायलट मंगलेश्वर सूर्यवंशी ने देखा कि मोटरसाइकिल दुर्घटना के कारण दोनों युवक सडक् पर तड़प रहे थे, जिनमें से एक को बेहद गंभीर चोटें आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 के जवानों ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायलों को अपने शासकीय वाहन में लिटाया और तत्काल शासकीय सिविल चिकित्सालय जावरा पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया है। पिपलोदी के रहने वाले हैं घायल-पुलिस के अनुसार, घायलों के नाम कमलेश (45 ) और मन्नालाल हैं। दोनों पिता नंदाजी के पुत्र हैं और रिंगनोद थाने के ग्राम पिपलोदी के रहने वाले हैं। चश्मदीदों और अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अगर डायल-112 के जवान मौके पर पहुंचने और उन्हें अस्पताल ले जाने में थोड़ी भी देरी करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी।

# करंट से तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत

## डीपी पर बैठने से हुआ हादसा, वन विभाग ने पोस्टमार्टम कराकर अंतिम कराया

**विनय असाटी**

**दमोह, 29 मई. जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंजी में तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है. वन मंडल अधिकारी ( डीएफओ ) ईश्वर जरांडे को सूचना मिलते ही तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी और टीम को भेजकर मौका मुआयना कराया गया.**



जहां तीनों मोर मृत अवस्था में मिले, वन विभाग ने पंचनामा भरकर तीनों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार डीएफओ ईश्वर जरांडे, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, प्रभारी रेंजर अखिलेश चौरसिया और टीम द्वारा जबलपुर नाका स्थित वन डिपो में विधीवत कराया गया. बता दें कि तीनों राष्ट्रीय पक्षी मोर विद्युत डीपी पर बैठे हुए थे, तभी अचानक एक-एक को करंट लगने से उनकी मौत हुई है.एक मोर डीपी से चिपक गई थी, वहीं दूसरी तड़प-तड़प कर गिर गई और तीसरी की भी मौके पर ही मौत हो गई. मौजूद ग्रामीण तुलसीराम तिवारी ने वन विभाग को सूचना दी, तब मौके डिप्टी रेंजर तनवीर, वनरक्षक कपिल राज, प्रदीप दुबे वनपाल, वनरक्षक संजय, अंकित कुशवाहा, हीरा ठाकुर और कमल ठाकुर द्वारा पहुंचकर पंचनामा भरकर उनका पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कराया गया.

# फर्जी बैंक ग्यारंटी देकर ठगे 1.42 करोड़, केस दर्ज

**उज्जैन। दो साल पहले बनाई गई बैंक ग्यारंटी के नाम पर हुई 1.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले मे पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी गई है।**

नागझिरी थाना क्षेत्र के सांई विहार कालोनी में रहने वाले रामस्वरूप पिता लहरी प्रजापति उद्योगपुरी क्षेत्र स्थित बोकेम हेल्थ केयर प्रालि के प्लांट हेड हैं जिन्होंने नागझिरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने मार्च 2023 में बैंक अधिकारी बनकर मिले दो व्यक्तियों से बैंक ग्यारंटी बनवाई थी। दोनों इंदौर के रहने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी थे। उन्होंने बैंक ग्यारंटी के नाम पर अलग अलग समय में 1.42 करोड़ रुपए ले लिए। और व्हाट्स एप पर बैंक ग्यारंटी भेजी थी जिसे देख विश्वास हो गया था। बैंक में ग्यारंटी लगाने पर सामने आया कि ग्यारंटी फर्जी है। दोनों से संपर्क करने पर उन्होंने आनाकानी शुरू कर दी। नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वैद्य ने बताया कि बोकेम हेल्थ केयर प्लांट हेड की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धारा 420, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया है। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बिरलाग्राम में चाकू मारकर डिलीवरी बॉय की हत्या

- बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ था विवाद
- रतलाम मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

**उज्जैन। फूड डिलीवरी बॉय की दो युवको ने मामूली विवाद में चाकू मारकर हत्या कर दी। चाकू बाजी के बाद पुलिस ने रात में दोनों आरोपी युवकों को राउंडअप कर लिया है। जिनसे चाकू बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।**

बिरला ग्राम थाना क्षेत्र के विद्यानगर में रहने वाला मोनू पिता सुनील खैरवार 25 साल स्विगी कंपनी में फूड डिलीवरी बॉय का काम करता था। दोपहर में वह विद्या नगर स्थित ई-कार्ट ऑफिस के पास पहुंचा था। जहां बाइक खड़ी करने की बात को लेकर उसका विवाद रितेश बोरासी और निर्मलसिंह उर्फ बिट्टू राजपूत निवासी विद्यानगर बिरलाग्राम से हो गया। गाली गलौज होने पर रितेश और निर्मल ने चाकू से मोनू पर हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर मोनू को समीप के अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रतलाम रेफर किया। लेकिन रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही मोनू की मौत हो गई। चाकूबाजी में डिलीवरी बॉय की मौत होने का मामला सामने आते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की.

# बॉयफ्रेंड को घर में साथ रखने की जिद पर अड़ी पत्नी

**ग्वालियर। एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है. यहां एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचा और उसने कहा कि उसे अपनी पत्नी से जान का खतरा है. उसने बताया कि उसकी पत्नी अपने बॉयफ्रेंड को घर में रखना चाहती है.**

लाख मना करने के बावजूद वो अपनी जिद पर अड़ी हुई है. जब पति ने उसे डाटा, तो उसने अपने पति को धमकाया और घर में रखे पैसे और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गई. वो अपने साथ बच्चे भी लेकर गई है. पीड़ित पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आशंका जताई है कि उसकी पत्नी अपने पति को नुकसान पहुंचा सकती है. पीड़ित सीधा पुलिस एसपी के कार्यालय गया, जहां उसने अपनी सुरक्षा जांच की मांग की है.

ग्वालियर के सिकंदर कम्पू क्षेत्र में रहने वाला राजकुमार कुशवाह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचा था. उसने अपनी पत्नी पूनम कुशवाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं. उसने कहा कि उसे अपनी पत्नी से जान का खतरा है, जिसके कारण उसने जान-माल की सुरक्षा की मांग की है.

**असुविधाएं** | चार महत्वपूर्ण मांगों का आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, जल्द निराकरण करने की मांग

# कांग्रेस पार्षद दल बोला समस्याओं से घिर चुका शहर

**छिंदवाड़ा. भाजपा शासित नगर पालिक निगम समस्याओं से घिरा हुआ है। नागरिक समस्याओं से जूझ रहा और निगम बेखबर है। जनहित से जुड़ी समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने की मांग करते हुए कांग्रेस पार्षदल ने चार प्रमुख मांगों का ज्ञापन नगर पालिक निगम कार्यालय पहुंचकर निगम आयुक्त को सौंपा साथ ही समस्याओं के अविलम्ब निराकरण हेतु मांग की है।**



कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि निगम क्षेत्र के नागरिकों को अनेक गंभीर असुविधाओं व समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्षद दल द्वारा पूर्व भी इन समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया, किन्तु जमीनी स्तर पर कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। ननि स्थाई समाधान के लिए ठोस कदम उठाएं। अन्यथा आगामी दिनों में कांग्रेस वृहद आंदोलन करेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन व प्रशासन की होगी। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय निगम नेता प्रतिपक्ष हंसा अम्बर दाढ़े, निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो, निगम विधायक प्रतिनिधि प्रबल प्रदीप सक्सेना, पार्षदगण श्रीमती मंजू बैस, तरूण कराड़े, नदीम अहमद, बृजेश टिंकू राय, सरिता काले, नौशीन कुरैशी उपस्थित रहे।

### नालों की सफाई कार्य नही हुआ शुरू

> प्रस्तुत ज्ञापन में पेयजल समस्या को लेकर कहा कि शहर के अनेक वार्ड ऐसे हैं पानी पहुंचने की गति बेहद धीमी है। तो वहीं कुछ हिस्सों में तीन-तीन दिनों तक पानी नहीं पहुंच रहा। कई जगहों पर दूषित पानी पहुंच रहा जिसका नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ रहा है। वर्षा ऋतु सिर पर है और शहर सम्पूर्ण छोटे-बड़े नालों की सफाई नहीं हुई है और आज दिनांक तक सफाई भी प्रारंभ नहीं की गई, जबकि बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में जलभराव होता है जिससे आम लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर नालों की सफाई नहीं हुई तो स्थिति और गम्भीर होगी।